कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।

Email:- wkcddarbhanga@gmail.com

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–01 / 2026–27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत पश्चिमी कोशी नहर अंचल दरभंगा एवं इस कार्यालय के उपयोग हेतु नीचे वर्णित समाग्रियों के क्रय हेतु निबंधित कंपनी / एजेंसी / आपुर्तिकर्त्ता से क्रय के लिए मुहरबंद दर हेतु कोटेशन निम्नरुपेन आमंत्रित किया जाता है।

1. **कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथिः–** 19.05.2026
2. **कोटेशन आमंत्रण करने वाले पदाधिकारीः–** कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।
3. **कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समयः–** दिनांक 10.06.2026 को अपराहन् 3.00 बजे तक।
4. **कोटेशन प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः–** कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।
5. **कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः–** दिनांक 10.06.2026 अपराहन् 3.30 बजे तक

SL. No.	Name of Items with Specification	Unit & Quantity	Rate Quoted (In Figure & Words)
01	27-Inch All-in-One Desktop PC, i7 , 16GBRAM	04 Nos.	
02	24-Inch All-in-one Desktop PC,i5,-8GB RAM, 500 GB SSD	05 Nos.	
03	Scanner AX4 With ADF	02 Nos.	
04	Multifunction Colour Printer A3, A4, A5 & Legal Size | 1200X1200dpi, 26ppm Black & Colour, Automatic Duplex Unit, Reverse	02 Nos.	
05	Printer All in One Laserjet	06 Nos.	
06	UPS	08 Nos.	
07	TV 65 Inch 4K		
08	Webcam Ultra HD 4K, 1080p at 60 FPS, Dual Noise Reducing Mics	01 Nos.	
09	Conference Microphone (USB)	01 Nos.	

शर्तेः–

01. कोटेशन के लिफाफा पर एजेन्सी / आपूर्तिकर्त्ता का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या अंकित होना अनिवार्य है।

02. कोटेशदाताओं / आपूर्तिकर्त्ता को **पैन कार्ड, आधार कार्ड** एवं **वस्तु एवं सेवा कर** का निबंधन प्रमाण पत्र की स्व0 अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

03. कोटेशन पर GST NO. (वैध हालत में हों) अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

04. कोटेशन को बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगी।

05. कोटेशनदाताओं/आपूर्तिकर्त्ता को सामग्री के आपूर्ति के पूर्व संबंधित कार्यालयों का स्थल निरीक्षण कर पूर्णतः अवगत हो लेंगे।

06. सर्शत कोटेशन दर मान्य नहीं होगा।

07. कोटेशनदाताओं/आपूर्तिकर्त्ता का कोटेशन मुहरबंद लिफाफा में प्राप्त किया जायेगा।

08. सामग्री आपूर्ति हेतु किसी प्रकार की ढुलाई दर देय नहीं होगा।

09. Supplying/Fitting/Fixing/Installation/Wiring/All Service taxes etc. का चार्ज सामग्री दर में सम्मिलत होना चाहिए।

10. कोटेशनदाता /आपूतिकर्ता द्वारा आपूर्ति किये जाने वाला उपस्कर/सामग्री निर्धारित मानक /ISO/ISI प्रमाणित एवं गारंटी/वारंटी युक्त होना आवश्यक है।

11. कोटेशन में उद्धृत राशि अंक और शब्द दोनों में लिखना अनिवार्य होगा।

12. सामग्रीयों/उपस्करों की आपूर्ति कार्यादेश निर्गत होने के सात दिनों के अन्दर हर हाल में करना अनिवार्य होगा।

13. कोटेशनदाता/आपूर्तिकर्ता द्वारा उद्धृत दर कोटेशन दिनांक 10.06.2026 के अपराह्न 03.00 बजे हाथों–हाथ/निबंधित डाक के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा। समयावधि व्यतीत होनें के उपरांत कोटेशन प्राप्त नहीं किया जायेगा।

14. कोटेशनदाता/आपूर्तिकर्ता द्वारा उद्धृत दर कोटेशन दर के आधार पर कार्यकारी प्राक्कलन तैयार किया जायेगा एवं सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति के उपरांत ही न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले कोटेशनदाता (Lower-1) को कार्य आवंटित किया जाएगा। उपलब्ध आवंटन के आलोक में सामग्री की मात्रा घट या बढ़ सकती है।

15. कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्ति हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा मोबाईल संख्या–7463889747 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/
कार्यपालक अभियंता,
पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांकः– 863, दरभंगा/दिनांकः– 19/5/2026

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी , जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि राज्यस्तरीय प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

19/05/26

कार्यपालक अभियंता,
पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।

19.5.26